उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ।

संख्याः- 21 /01/ कम्प्यूटर अनुभाग(बारह)/2020-23/05-परीक्षा/2019

लखनऊः दिनांक 10 फरवरी, 2023

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-05-परीक्षा/2019, वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 द्वारा कार्यालय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक के क्रमशः 596 एवं 59 पदों के सापेक्ष चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

विज्ञापन के प्रस्तर-3 में वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक के कुल 655 पदों का विभाग द्वारा प्रेषित अधियाचन में दी गयी सूचना के आधार पर पदवार एवं श्रेणीवार विवरण निम्नवत अंकित हैः-

			पदो की संख्या				
क्र0 सं0	विभाग का नाम	पद नाम	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	कुल पद
1-	कार्यालय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।	वन रक्षक	370	83	11	132	596
2-		वन्य जीव रक्षक	45	10	02	02	59
कुल पद							655

सूच्य है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत उल्लिखित किया गया था कि उपर्युक्त सारणी में विभाग के सम्मुख उल्लिखित रिक्त पदों के विवरण के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों (EWSs) को एतद्सम्बन्धी उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2019/4/1/2002/का-2/19-टी0सी0-II, दिनांक 18 फरवरी, 2019 के अनुसार अनुमन्य किये गये 10 प्रतिशत आरक्षण के सापेक्ष रिक्त पदों का विवरण नहीं दिया गया है तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को, एतद्सम्बन्धी उत्तर प्रदेश शासन के उक्त कार्यालय ज्ञाप दिनांक 18 फरवरी, 2019 में विहित व्यवस्था का नियमानुसार अनुपालन सुनिश्चित करने के क्रम में जारी किये जाने वाले शासनादेशो के अनुसार, उपर्युक्त सारणी में उल्लिखित पदों के सापेक्ष 10 प्रतिशत आरक्षण EWSs को अनुमन्य किया जायेगा।

तदनुक्रम में अधियाचनकर्ता विभागों द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत कुल रिक्त 655 पदों का विभागवार व श्रेणीवार (ई0डब्ल्यू0एस0 श्रेणी सहित) विवरण निम्नवत हैः-

			पदो की संख्या					
क्र0 सं0	विभाग का नाम	पद नाम	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	कुल पद
1-	कार्यालय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।	वन रक्षक	311	83	11	132	59	596
2-		वन्य जीव रक्षक	40	10	02	02	05	59
कुल पद								655

सूच्य है कि मूल अधियाचन में दिये गये क्षैतिज आरक्षणवार पदों की संख्या में किसी परिवर्तन की सूचना विभागों द्वारा उपलब्ध नहीं करायी गयी है। अतः क्षैतिज आरक्षणवार आरक्षित पदों की संख्या विज्ञापन के अनुसार यथावत है।

10/02/2023

(अवनीश सक्सेना)

सचिव।